राजस्थान सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, झालावाड़

फोन – 07432–230448
वेबसाइट – dipr.rajasthan.gov.in

**प्रेस समाचार**

ईमेल – projhalawar@gmail.com
dipr.jhalawar@rajasthan.gov.in

# बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तर पर झालावाड़ रहा प्रथम

झालावाड़ 09 मई। बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत झालावाड़ जिले ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीस सूत्री कार्यक्रम 2006 के तहत वर्ष 2022–23 की राज्य स्तरीय सूची में जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति उच्चतम रही।

मुख्य आयोजना अधिकारी चतुरवर्ग मालपानी ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित द्वारा प्रतिमाह बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को विभागीय लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। जिससे विभिन्न विभागों द्वारा आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति अर्जित कर राज्य स्तर पर जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत अधिकांश बिन्दुओं में विभागवार प्रगति भी राज्य स्तर की विभागवार प्रगति के औसत से अधिक रही।

जिले की प्रगति में राजीविका के द्वारा वार्षिक लक्ष्य 252 स्वयं सहायता समूहों को बनाने के विरुद्ध 955 समूहों की प्रगति की गई। स्वंय सहायता समूहों को दिए जाने वाले रिवॉल्विंग फण्ड वार्षिक लक्ष्य 900 के विरूद्ध 912 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड दिया गया एवं स्वयं सहायता समूहों को दिये जाने वाले सी.आई.एफ. के वार्षिक लक्ष्य 235 के विरूद्ध 950 समूहों को सी.आई.एफ. उपलब्ध करवाया गया। रसद विभाग के द्वारा एन.एफ.एस.ए. एवं अन्त्योदय परिवारों को लक्ष्य के विरुद्ध 97.80 प्रतिशत की प्रगति की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत जिला परिषद द्वारा वार्षिक लक्ष्य 31,856 के विरूद्ध 26,198 आवासों का निर्माण करवाया गया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा घर–घर नल कनेक्शन के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 98,748 के विरुद्ध 74,902 नल कनेक्शन करवाये गए है जो कि राज्य में सर्वाधिक है। महिला एवं बाल विकास के अन्तर्गत 8 ब्लॉकों में परियोजना का संचालन करते हुए 1516 आंगबाडी केन्द्रों के संचालन के विरूद्ध 1,510 केन्द्र संचालित किए जा रहे। वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण के अन्तर्गत आवंटित वार्षिक लक्ष्य 880 हैक्टेयर भूमि के विरुद्ध 1,437 हैक्टेयर भूमि वृक्षारोपण करवाया गया साथ ही बीज एवं पौधारोपण के वार्षिक लक्ष्य 5.72 लाख के विरुद्ध 11.25 लाख बीज एवं पौधारोपण किया गया। विद्युत विभाग द्वारा कृषि कनेक्शनों के वार्षिक लक्ष्य 674 कनेक्शनों के विरूद्ध 2,084 कनेक्शनों की प्रगति रही।

———00———